# CAT बुलेटिन

CONNECTICUT STATE DEPARTMENT
OF CONSUMER PROTECTION

**C** – तुलना करें • **A** – सवाल करें • **T** – अपने मित्रों और परिवार से चर्चा करें

## आप व आपकी बिजली आपूर्ति कंपनी


आप अपनी बिजली कनेक्टिकट लाइट एंड पॉवर (CL&P) या यूनाइटेड इल्यूमिनेटिंग (UI) से खरीद सकते(ती) हैं जिसे मानक सेवा कहा जाता है या आप इसे किसी वैकल्पिक बिजली आपूर्तिकर्ता से खरीद सकते(ती) हैं। बिल आपको हमेशा CL&P [या UI से] मिलेगा, क्योंकि वे आपको बिजली डिलेवर करते हैं।


### यदि आपने पिछले वर्ष वैकल्पिक बिजली आपूर्तिकर्ता से बिजली लेने के लिए निर्णय लिया है तो निम्नलिखित कुछ बातें हैं जिनकी जानकारी आपको होनी चाहिए:

- वैकल्पिक बिजली आपूर्तिकर्ता शुरुआत में आपको बेहतर दर का प्रस्ताव दे सकते हैं लेकिन ये बेहतर दरें अस्थायी हो सकती हैं। उनसे पूछें कि क्या दरें निश्चित हैं या हर माह बदलेंगी, यदि ये निश्चित हैं तो कितने समय के लिए।
- अनुबंध की अवधि के बारे में पूछें। उनसे पूछें कि क्या अनुबंध का नवीनीकरण अपने आप हो जाएगा। इस बारे में पूछें कि यदि आप वापस बदलना चाहें तो आपको कितने नोटिस देने होंगे।
- आप मानक सेवा के साथ जुड़े(ड़ी) रह सकते(ती) हैं या अगर आपने वैकल्पिक बिजली आपूर्तिकर्ता को चुना हो तो आप मानक सेवा पर वापस आ सकते(ती) हैं। अगर आपने वैकल्पिक बिजली आपूर्तिकर्ता को चुना हो तो, मानक सेवा पर वापसी के लिए निरस्तीकरण का कोई शुल्क हो सकता है (पूछिए कि वह शुल्क कितना है)।
- वेबसाइट EnergizeCT.com पर जाना या 1.877.WISE-USE (1.877.947.3873) पर फोन करना, वैकल्पिक बिजली आपूर्तिकर्ताओं की दरों की मानक सेवा की दरों के साथ तुलना करने का सबसे अच्छा तरीका है। सभी शर्तों की जानकारी लें।
- आपको फोन करने वाले या आपके घर आने वाले किसी भी व्यक्ति से ख़रीददारी करने का दबाव महसूस न करें। उनसे कहिए कि दूसरी कंपनियों से मिले प्रस्तावों या मानक सेवाओं के साथ उनके प्रस्ताव की तुलना करने का बाद यदि आपको इसमें रुचि हुई तो आप उनको फोन करेंगे(गी)।
- किसी भी ऐसे व्यक्ति से कुछ भी न खरीदें जिसकी अपनी व उसकी कंपनी की पहचान तय न हो सके। उनसे उनकी पहचान सुनिश्चित करने को कहें।
- कृपया आपके द्वारा भुगतान की जा रही दर के निर्धारण के अधिकार की जांच करें। यदि आप किसी वैकल्पिक बिजली आपूर्तिकर्ता की सेवाएं लेते(ती) हैं तो मानक सेवाओं की दरों के साथ उनके द्वारा ली जा रही सेवाओं की दरों की तुलना करें।

31 दिसम्बर **2014** से मानक दरें **9.99** सेंट हैं।
हार्टफोर्ड/मेरिडेन क्षेत्र में, **CL&P** मानक सेवा पर वापस जाने के लिए **860.947.2000** पर फोन करें (राज्य के दूसरे हिस्सों के लिए **800.286.2000** पर फोन करें)

**UI** मानक सेवा पर वापस जाने के लिए **800.722.5584** पर फोन करें।




**किसी भी उपभोक्ता खरीद के समय, CAT याद रखें।**
**तुलना करें, सवाल पूछें, अपना समय लें, इसके बारे में विचार करें और दूसरों से चर्चा करें!**

किसी ऊर्जा पेशेवर से बात करने के लिए 1.877.WISE.USE पर ऊर्जा जानकारी लाइन पर फोन करें।
राज्य के उपभोक्ता संरक्षण विभाग को 800.842.2649 या 860.713.6300 पर फोन करें।